तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 सतनामी समाज ने संत समागम समारोह का किया आयोजन



12 निगम से संगठन तक मचा बवाल, श्रमिकों ने ...



# दोपहर उमड़े बादल और काली घटा छाई, पर हुई केवल बूंदा-बांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुवार को दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली। तेज धूप के बीच दोपहर लगभग 3 बजे आसमान में घने बादल उमड़ आए। लोगों को उम्मीद थी कि अब अच्छी बरसात होगी और गर्मी से राहत मिलेगी। मगर उम्मीद के विपरीत सिर्फ हल्की बूंदाबांदी ही हुई, जिससे लोगों को न तो गर्मी से निजात मिली और न ही किसानों को खेतों के लिए नमी। इस मौसम परिवर्तन का असर सबसे पहले नगर के साप्ताहिक बाजार में दिखाई दिया। खुले में दुकान लगाए छोटे व्यापारी, सब्जी विक्रेता, कपड़े और घरेलू सामान बेचने वाले लोग अचानक बारिश की आशंका में अपने सामान समेटने लगे। ग्राहकों में भी घबराहट देखी गई, और बाजार की रफ्तार अचानक थम गई।

**ग्राहकों को भी काफी परेशानी हुई:** स्थानीय महिला खेमिन साहू ने कहा कि बच्चों के कपड़े और कुछ घरेलू सामान लेने आए थे, लेकिन बारिश की डर से बीच में ही लौटना पड़ा। बाजार में बहुत अव्यवस्था हो गई थी।

**फिलहाल भारी बारिश की संभावना नहीं:** मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी छत्तीसगढ़ में फिलहाल मानसून की रफ्तार धीमी है। विभाग ने अगले 48 घंटे में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है, लेकिन अभी झमाझम बारिश के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

## साप्ताहिक बाजार अस्त-व्यस्त, किसानों में मायूसी

### किसानों की टूटी उम्मीदें, खेतों की प्यास नहीं बुझी

गुरुवार को मौसम देखकर किसानों में उम्मीद जगी थी कि अब अच्छी बारिश होगी और खेतों की नमी लौटेगी। मगर हल्की बूंदाबांदी से मायूसी और गहराई।नवागढ़ के वरिष्ठ किसान रोशन धर दिवान ने बताया कि हमने बीज, खाद सब तैयार कर रखा है, बस बारिश का इंतजार है। लेकिन इतनी बूंदाबांदी से क्या फायदा? खेत वैसे के वैसे सूखे पड़े हैं।



### बाजार में मची अफरा-तफरी, व्यापारी बोले-आधी कमाई भी नहीं हो पाई

गुरुवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार हमेशा की तरह सुबह से ही गुलजार था। दूर-दराज के गांवों से लोग खरीदारी के लिए पहुंचे थे। लेकिन मौसम ने दोपहर के बाद जैसे ही करवट बदली, बाजार का माहौल बदल गया। सब्जी विक्रेता मोनू पाल ने बताया कि बाजार में आज सुबह से अच्छी भीड़ थी, लेकिन मौसम देखकर ग्राहक जल्दी-जल्दी लौटने लगे। आधा सामान रह गया, और बिक्री भी कम हो गई। कपड़ा व्यापारी गणेश देवांगन ने कहा कि मौसम ने सब चौपट कर दिया। हम सोच ही रहे थे कि अब दुकानें जमने लगी हैं, तभी बादल छा गए और सब बिखर गया।

## खबर संक्षेप

### मां शाकंभरी मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन



**बेरला/भिंभौरी।** भिंभौरी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोरसी के मरार पारा में पटेल भवन के पास मरार समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी की मूर्ति स्थापना हेतु मंदिर निर्माण के लिए मरार पटेल समाज के लोगों द्वारा भूमि पूजन किया गया। इस दौरान ग्राम के पुजारी ओम प्रकाश पांडे के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच हेमन्त कुमार वर्मा उर्फ झल्ला व देवेन्द्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ ही समाज के ग्राम प्रमुख जंतराम पाटिल, ललित पाटिल, राजेश कुमार पाटिल, पंचू पाटिल, हरिचन्द्र पाटिल, युगल पाटिल, अनीता पाटिल सहित बड़ी संख्या में स्वजाति गण उपस्थित थे।

### केंवाछी में 1 को मनाई जाएगी कबीर जयंती

**बेमेतरा।** समीप ग्राम केंवाछी में ग्रामवासियों द्वारा सद्गुरू कबीर साहब का 627 वां प्राकट्य उत्सव (बरसाईत महोत्सव) का आयोजन 1 जून रविवार को किया गया हैं। सर्वप्रथम सुबह 9:00 बजे गुरु महिमा पाठ बरसाईत महात्म पाठ, दोपहर 12 बजे से कबीरकुटी में निशान पुजा एवं द्विप प्रज्वलित कर शोभायात्रा, शरबत एवं स्वल्पाहार वितरण संध्याकालीन सात्विक आनंदी चौंका आरती, तत्पश्चात भोजन भण्डारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### पीजी कॉलेज मैदान में निशुल्क अग्निवीर भर्ती प्रशिक्षण आज से

**बेमेतरा।** भारतीय थल सेना एवं अन्य रक्षा सेनाओं में तीन वर्षों से लगातार सफलता के परचम लहराता हुआ लक्ष्य फाउंडेशन पुनः 1 जून से रक्षा सेनाओं में भर्ती हेतु प्रशिक्षण का नया बैच प्रारंभ करने जा रहा। बेमेतरा जिला मुख्यालय में संचालित लक्ष्य फाउंडेशन पूर्णतः निःशुल्क समाजसेवी प्रशिक्षण संस्थान है, जहां युवाओं को भारतीय सैन्य सेवाओं में भर्ती हेतु निशुल्क प्रशिक्षण एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है, इसके साथ ही आर्थिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग कीट और अन्य सुविधाएं यथासंभव प्रदान की जाती है। फाउंडेशन के संस्थापक एवं मुख्य प्रशिक्षक पवन वर्मा ने बताया कि विगत तीन वर्षों से लगातार संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का भारतीय सेना में चयन होता आ रहा है यह गर्व की बात है कि अब तक 18 युवा जवान मां भारती की सेवा में सेना की विभिन्न टुकड़ियों में कार्यरत है, जो कि प्रदेश में संचालित किसी भी सैन्य भर्ती प्रशिक्षण संस्थान की तुलना में बेहतर है। इस सफलता के पीछे ▶▶| शेष पेज 12 पर

खाद्य मंत्री के मौजूदगी में ग्राम अंधियारखोर में नवागढ़ का अंतिम समाधान शिविर संपन्न

# अंधियारखोर के समाधान शिविर में 5400 से अधिक आवेदनों का निराकरण, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं में सामग्री का वितरण किया



जिले में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से कलस्टर वार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में किया किया जा रहा है । गुरुवार नवागढ़ विकासखंड का ग्राम पंचायत अंधियारखोर में अंतिम समाधान शिविर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ । शिविर पर 18 ग्राम पंचायत जिसमे अंधियारखोर, सिवनी, हाथाडाडू, जुनाडाडू, खपरी एन, नांदल, घठोली, बरबसपुर, जेवरा एन, मक्खनपुर, बहरबोड, नेउर, रूसें, गोपालमैना, तोरा, दुरासेमरिया, खैरी, समेसर गांव के ग्रामीण शामिल हुए ।

इस दौरान मंत्री दयालदास बघेल ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में राशन कार्ड, नोनी सुरक्षा पासबुक, आयुष्मान 'वय वंदना' कार्ड, महिला-बाल विकास योजनाओं के प्रमाण पत्र, पोषण किट,आदि हितग्राहियों को वितरित किए गए।उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया,गर्वभती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पोष्टिक किट का वितरण किया। ग्रामों के ग्रामीणों ने सुशासन तिहार अंतर्गत बीते 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक समाधान पेटी और ऑन लाइन प्राप्त 5469 आवेदनों पर की गई कार्रवाई को संबंधित अधिकारियों ने पढ़कर बताया । साथ ही विभागीय योजनाएं भी साझा की । इसके अलावा विभिन्न विभागों की सरकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया ।

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभी समाधान शिविरों में खाद्य मंत्री श्री बघेल उपस्थित रहे । उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं , माँग व शिकायत भी सुनी और उनका निराकरण भी कराया ।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें जिलेभर से 1,40,780 आवेदन समाधान पेटियों के माध्यम से प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया सबसे ज़्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास से संबंधित है । शिकायत संबंधी 3 हज़ार है । उन्होंने बताया की अधिकांश आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण किया गया है ।

मंत्री श्री दयालदास बघेल ने विभिन्न विभागों द्वारा राशन कार्ड, नोनी सुरक्षा पासबुक, आयुष्मान 'वय वंदना' कार्ड, महिला-बाल विकास योजनाओं के प्रमाण पत्र, पोषण किट,आदि हितग्राहियों को वितरित किए ओर बघेल ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रहे सुशासन तिहार का यह अभियान "सरकार आपके द्वार" की भावना को साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक संबल, तथा 18 लाख आवासों की स्वीकृति जैसी योजनाएं जनकल्याण को समर्पित हैं। उन्होंने कहा छोटी ▶▶| शेष पेज 12 पर

# तहसीलदार ने निजी खेत से सागौन लकड़ी जब्त की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

तहसील क्षेत्र के ग्राम नवकेशा सहसपुर के बीच मार्ग से करीब 100 मीटर की दूरी पर एक निजी खेत में प्रतिबंधित सागौन के हरे भरे पेड़ो की कटाई की गई थी जिसकी सूचना तहसीलदार को दी गई जिसपर देवकर तहसीलदार बलराम तंबोली ने राजस्व व वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए कटे हुए सागौन पेड़ की गोला नुमा लकड़ी को तहसीलदार ने जप्त कर वन विभाग को सुपुर्द किया है ।

बता दे की देवकर तहसील क्षेत्र में इन दिनों बेहिसाब हरे भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है बबूल के पेड़ों की कटाई तो आम बात है तो वही हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों की भी कटाई अंधाधुन जारी है जिस पर प्रशासन का कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने के चलते लकड़ी दलालों के हौसले बुलंद है। क्षेत्र से रोजाना 50 लकड़ी से लदे वाहनों की आवाजाहि है पर आज तक जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों ने उस पर कार्यवाही करना उचित नहीं समझा या यूं कहें कि उनकी आंख मूंदे मौन सहमति होगी तभी जाके कार्यवाही का अभाव है।

बहरहाल वन विभाग के रेंजर लासेल से मिली जानकारी के अनुसार सागौन का कुल 29 नग 0.841 घन मीटर को जप्त किया गया और राजस्व विभाग अपनी आगे की कार्यवाही कर रहा है उक्त कार्यवाही में तहसीलदार बलराम तंबोली , रेंजर लासेल , पटवारी मेघराज वर्मा , लोकनाथ कश्यप वन रक्षक गजेंद्र सिंह राजपूत मौजूद थे।

# बोतका स्कूल अहाता गिरा छुट्टी होने के हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- ग्रामवासियों के मन में सुरक्षा पर उठ रहे सवाल



विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला बोतका का जर्जर बाउंड्रीवाल गिर गया। गनीमत यह रहा कि वहाँ पर कोई नहीं था। अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना या जनहानि हो सकता था। शासन प्रशासन की इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन रहता जब कोई अप्रैल घटना घट जाते तो।

आपको बता दें कि विद्यालय के चारो तरफ की बाउंड्रीवाल की दीवाल पूरी तरह जर्जर होने के चलते 30-50 अंश की भांति झुक गया था ओर कई जगह दरार आ गई है। खतरा व भय का घड़ी कोई कहाँ नहीं जा सकता। कब गिर जाए, जिसको लेकर शाला प्रधान पाठक इस संबंध में संबंधित विभाग को जानकारी दे चुके थे। लेकिन संबंधित अधिकारी का मौन रहकर नजर अंदाज करते रहे । इसके चलते ग्राम वासियों में चिंता के साथ साथ मन में सवाल खड़ा हो रहा है कि, आज स्कूल बंद है तो हमारे बच्चे ठीक व कुशल है। अन्यथा कोई अप्रिय घटना घट सकते थी । जिनके जिम्मेदार कौन होता। इस संबंध में प्रधान पाठक अनिल कुंजाम ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला बोतका, परिसर में स्थित शाला भवन जर्जर एवं डिस्मेटल योग्य हो चुका है जिसकी सूचना पूर्व में दी जा चुकी हैं, वर्तमान में प्रधान पाठक कक्ष एवं किचन शेड के छत मरम्मत की आवश्यकता है क्योकि दोनों भवन के छत से बहुत अधिक सीपेज आता है एवं प्लास्टर गिरने लगा है। इसके अलावा बालिका शौचालय एवं शाला का बाउण्ड्रीवाल भी पूरी तरह से जर्जर हो चुका है एवं बाउण्ड्रीवाल का आधा हिस्सा गिर चुका है बाकि गिरने के कगार पर है। जिसकी जानकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बेरला को सूचनार्थ कर दिया गया है।

कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

# बीएससी नर्सिंग की परीक्षा 916 ने दी, 397 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने बी.एस.सी. नर्सिंग भर्ती परीक्षा गुरुवार आयोजित हुई । उक्त परीक्षा एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिले में 04 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे । बी.एस.सी. नर्सिंग भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

जिसमें शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में 480 परीक्षार्थी में से 324 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वही 156 अनुपस्थि थे, इसी प्रकार लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 360 कुल परीक्षार्थी शामिल होना था परंतु 256 उपस्थित व 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, इसी प्रकार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में 360 कुल परीक्षार्थी 258 उपस्थित व 102 परिक्षार्थी अनुपस्थित थे। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में 113 कुल परीक्षार्थी जिसमें 78 उपस्थित व 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इसी प्रकार कुल परीक्षार्थी 1313 जिसमें 916 परीक्षार्थी उपस्थित और 397 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने केंद्र के प्रत्येक कक्ष में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की जानकारी ली। इस निरीक्षण का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की सुचारू और पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करना था। कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं को देखा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों की तैयारियों का जायजा लिया और किसी भी तरह की अनियमितता से बचने के निर्देश दिए।

जनसामान्य के कार्यों में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

# राजस्व मामलों का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता के साथ करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न राजस्व संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और अपने-अपने अनुविभाग में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ राजस्व मामलों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जनसामान्य अपने राजस्व संबंधी कार्यों के लिए प्रशासन से अपेक्षा लेकर आते हैं। ऐसे में विलंब या लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, अविवादित नामांतरण जैसे कार्यों को नियमित रूप से समयसीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें।

बैठक में स्वामित्व योजना, वय वंदन कार्ड अभियान तथा युक्तियुक्तकरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने अनुभाग में वय वंदन कार्ड की प्रगति की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी चावल उत्सव की तैयारियों को भी समय रहते पूर्ण करने को कहा। प्री-मानसून तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने बाढ़ आपदा से निपटने हेतु नामित नोडल अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 5 जून को प्रस्तावित पर्यावरण दिवस की तैयारियों की जानकारी ली और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने को कहा।

बैठक में भू-अर्जन, डिजिटल हस्ताक्षर, भुईयां सॉफ्टवेयर, ई-कोर्ट, आरबीसी 6-4, अतिक्रमण, वृक्ष कटाई, विवादित खाता विभाजन सहित अन्य राजस्व मामलों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेरला दीप्ति वर्मा, एसडीएम साजा सहित सभी संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून तक

**बेमेतरा।** किसानों की मदद के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू । यह अभियान गुरुवार 29 मई से 12 जून तक चलेगा । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर से चार विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत चार प्रचार रथों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया । इस अवसर पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना, उप संचालक पशु चिकित्सा भगत, सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे । उप संचालक कृषि ने बताया कि ये रथ जिले के चारों विकासखंडों के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जाएगा । उन्होंने कहा कि कृषि के साथ जुड़े विभाग पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन आदि की योजनाओं का भी प्रचार किया जाएगा । चिह्नांकित कलस्टर 78 ग्राम में कृषि वैज्ञानिक किसानों से संवाद करेंगे ।



# दो साल से भवन अधूरा, आंबा सामुदायिक भवन में जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनियारी में दो साल से आंगनबाड़ी भवन अधूरा होने के कारण गांव के ही सामुदायिक भवन में शिक्षा दीक्षा दी जा रही है।

बता दें कि ग्राम पंचायत मनियारी पिछले दो साल पहले आंगनबाड़ी केंद्र 2 भवन निर्माण कार्य शुरू था लेकिन निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। आंगनबाड़ी केंद्र भवन के अधूरे रहने से बच्चों को शौचालय और पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। इसके चलते भवनों में अंधेरा छाया रहता है और गर्मी के दिनों में बच्चे और कार्यकर्ताओं को परेशानी होती है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब तक स्कूल भवन अधूरा पड़े हुए है।

जिम्मेदार इस ओर ध्यान तक नहीं देना संबंधित विभाग के लिए सवाल खड़ा कर रहे है। इस तरह ठेकेदार की लापरवाही के चलते बच्चों को शिक्षा और पोषण सुविधाएं अस्थाई और असुरक्षित माहौल में दिया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### सोसाइटियों में खाद एवं बीज की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराएं - डॉ उमरे

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने दुर्ग जिले के सहकारी सोसाइटियों में खाद एवं धान के बीज की किल्लत से किसानों को हो रही परेशानियों पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग कलेक्टर अभिजीत सिंह से किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने बताया कि इस वर्ष मानसून समय पूर्व दस्तक दे रहा है। किसान खेती के कामों में जुटे हुए है लेकिन किसानों को सोसायटी से खाद बीज व अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सोसायटियों की ओर से खरीफ वर्ष के लिए किसानों को खाद और बीज न्यूनतम दाम पर उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन फिलहाल सोसायटियां आपूर्ति करने में सक्षम नहीं हो पा रही हैं। जिस अनुपात में किसानों को उसकी जरूरत होती है उस अनुपात में उन्हें इसकी सप्लाई सोसाइटियों के माध्यम से नहीं मिल पा रही है। ऐसे में जिले के किसान भटक रहे हैं। देरी की वजह से किसान मजबूरी में बाजार से महंगे दामों में खाद एवं बीज लेने को मजबूर हो गए हैं। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने कलेक्टर से मांग किया है कि दुर्ग जिले की सोसाइटीयों में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराएं ताकि किसानों से हो रही लूट को रोका जा सके।

### कर्मचारी संघ के रोहित बने अध्यक्ष



**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के अध्यक्ष पद का निर्वाचन हुआ। निर्वाचन में रोहित वर्मा सहायक लेखापाल एवं पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर दो उम्मीदवार द्वारा नामांकन भरा गया। कुल 474 मतदाताओं में से 434 कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से 322 मत रोहित वर्मा को एवं 111 वोट लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर को प्राप्त हुए। इस प्रकार रोहित वर्मा ने 211 मतों से पूर्व यूनियन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर पर जीत दर्ज की। रोहित वर्मा के जीत से कर्मचारियों में उत्साह का महौल दिखा। निर्वाचन कार्य बुद्धदेव सिंह, विनोद सेवानिवृत पर्यवेक्षक एवं उनके टीम द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर रोहित आलेन्द्र, चिन्ताराम रावटे, राजेन्द्र वारे, धीरेन्द्र देवांगन, तोषण देशमुख, भूपेश तिवारी, दीपक शर्मा, समीर अग्रवाल, रवि वर्मा, रीना साहू, कैलाश गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

### मिली 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ब्रह्माणपारा सण्डी तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी शशांक तिवारी की विगत 22 मार्च 2020 को अथगढ़ जिला कटक उड़ीसा में कपड़े साफ करते समय कुआं में पैर फिसलने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व शशांक तिवारी की पत्नी श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### अतिक्रमण हटाने 76 लोगों को 72 घंटे का अल्टीमेटम

**भिलाई।** प्रगति नगर मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। अंतिम नोटिस कुल 76 लोगों को जारी किया गया। स्वतः नहीं हटाने पर निगम के अधिकारी बुलडोजर चलाऐंगे। इस कार्य में होने वाले खर्च को अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। मैत्री गार्डन चौक के निकट सड़क की जमीन पर तीन दुकान का निर्माण किया गया है। नोटिस के बाद भी दुकान को नहीं हटाया गया। तीनों दुकान को पुलिस की मौजूदगी में निगम कर्मी 29 मई को खाली कराने के बाद ध्वस्त करेंगे। रिसाली निगम ने इसके पूर्व दस्तावेज परीक्षण कराने 70 से भी अधिक नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद केवल 4 लोगों ने नक्शा और रजिस्ट्री की छायाप्रति परीक्षण के लिए जमा कराया है। वहीं शेष ने दस्तावेज परीक्षण कराने रूचि नहीं दिखाई।

# वित्त की राशि को लेकर जनपद की सामान्य सभा में हंगामा

## कांग्रेस सदस्यों ने जताई नाराजगी, उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्य जमीन पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पन्द्रवें वित्त आयोग की राशि को लेकर जनपद के सामान्य सभा में जमकर बवाल मचा रहा। भाजपा जनपद सदस्य आपस में राशि बांटने को लेकर अडे रहे, वहीं कांग्रेस सदस्यों ने पूरजोर इसका विरोध किया। उनका कहना था कि, यह राशि विकास के लिए और जनता के हित के लिए है। इसलिए सभी चौबीस जनपद सदस्यों को राशि जारी किया जाए। इस मसले को लेकर जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी सहित अन्य सदस्य कुर्सी छोड जमीन पर बैठ गए थे।

जानकारी अनुसार वर्ष 2024-25 के वित्त की राशि करीब 72 लाख रूपए जारी किया गया है। इस राशि के अनुमोदन के लिए सामान्य सभा का आयोजन किया गया था। इस बीच राशि जारी किए जाने की बात पहले उठी। जिस पर भाजपा के तेरह सदस्य कांग्रेस के 11 सदस्यों के राशि वितरण से अलग करने लगे थे, विरोध में कांग्रेस सदस्य आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि, वित्त की राशि सभी जनपदों में बराबर बंटना चाहिए। राकेश हिरवानी जप उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य सदन में अध्यक्ष के सामने जमीन पर बैठ गए। कांग्रेस का आरोप था कि, सत्तासीन दल से जुड़े सदस्य आपस में 15वीं वित्त की राशि को बांटना चाहते हैं। जिस पर विपक्षी सदस्य नाराज हो गए। जनपद सदस्यों की संख्या 24 है, जिसमें सत्ताधारी दल के पास 13 और विपक्ष में 11 सदस्य हैं। 13 सदस्य 15 वित्त की राशि को आपस में बांटना चाहते हैं।

### सीईओ के निवेदन पर भी नही माने

सामान्य सभा के बैठक के बीच कांग्रेस सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच 15 वित्त की राशि को जनसंख्या के आधार पर नहीं बांटे जाने का आरोप उपाध्यक्ष हिरवानी ने लगाया, वहीं इसके समर्थन में आधा दर्जन सदस्यों ने भी जमीन पर बैठ गए। इस पर जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश पांडे जनपद सदस्यों से निवेदन करते रहे कि, माननीय सदस्य अपनी कुर्सी में बैठे। लेकिन सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। नाराज सदस्यों ने जमकर बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सभा से निकले।



### बहुमत के आधार पर

सामान्य सभा में करीब 72 लाख रूपए के प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर सामान्य सभा बुलाया गया था। नियमत: बहुमत के आधार पर राशि की स्वीकृति दी गई है। -**रूपेश पांडेय,** सीईओ जनपद दुर्ग

### कुछ सदस्यों से ही मांगे गए थे प्रस्ताव

सामान्य सभा में कांग्रेस के सदस्यों ने आरोप लगाया कि, संचाल संकर्म समिति के पास भाजपा के चहेते सदस्यों का ही प्रस्ताव मंगाया गया था। सिर्फ उन्ही तेरह भाजपा सदस्यों के लिए राशि जारी कर दी गई। कांग्रेस सदस्यों ने बताया कि, उन्हें प्रस्ताव मांगने की जानकारी ही नही दी गई। अफसरों ने बताया कि, वर्ष 2024-25 की यह राशि जारी हो गई थी। लेकिन पंचायत चुनाव के चलते आचार संहिता के कारण राशि वितरित नही की गई, जिसे लेकर सामान्य सभा का आयोजन किया गया था।

## आंदोलन : डेढ़ हजार सफाई कर्मी सड़क पर उतरे, कहा श्रमिकों का कर रहे शोषण

# निगम से संगठन तक मचा बवाल, श्रमिकों ने कहा वेतन में कटौती नहीं करेंगे बर्दाश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम के सफाई कर्मियों का मुद्दा अब सडक तक पहुंच गया है। बुधवार को हजारों की संख्या में कर्मचारी सडक पर उतर गए और उन्होने नगरनिगम का घेराव भी कर दिया। बेहद आक्रमक तरीके से किया गया यह प्रदर्शन अब जिला भाजपा संगठन तक पहुंच गया है। श्रमिको के प्रदर्शन के बाद जिला भाजपा कार्यालय में करीब तीन घंटे तक बैठक चली। इधर सफाई कर्मियों ने कहा है कि, आठ हजार के जगह उन्हें सिर्फ छः हजार वेतन दिया जा रहा है। जिससे वे बेहद खपा है, कई श्रमिको को अभी भी वेतन नही मिला है।

बुधवार को राजेन्द्र पार्क से हजारों की संख्या में सफाई कर्मी एकत्रित हुए। मिशन क्लीन सिटी के साथ ही प्लेसमेंट के भी सफाई कर्मियों ने एकजूटता दिखाकर एक साथ सडक पर उतर गए। श्रमिको की लंबी रैली देख नगरनिगम के गेट के सामने पुलिस जवानों की भी तैनाती की गई थी। गेट के सामने श्रमिक निगम प्रशासन से पूरी वेतन की राशि देने की मांग कर रहे थे, लेकिन इस दौरान जिम्मेदार अधिकारी सामने नही आए। श्रमिको के बैठक के बाद दोपहर को भाजपा कार्यालय में तीन घंटे तक बैठक चली। इस बैठक में ऐसी उम्मीद जताई जा रही थी, कि श्रमिको को मुद्दे को लेकर रास्ता निकल जाएगा। लेकिन बैठक बेनजीता रहा। इस बैठक में विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अल्का बाघमार सहित चालीस भाजपा पार्षदों की बैठक आहुत की गई थी।

### शहर में सफाई का बुरा हाल, शहरवासियों का भी फूट रहा गुस्सा



### कांग्रेसियों ने कर्मियों का दिया समर्थन

सफाई कर्मियों की मांग को लेकर कांग्रेस नेताओं ने समर्थन दिया है। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा नगर पालिक निगम, दुर्ग के सफाई कर्मियों की हड़ताल ने शहर की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया है। बीते सात दिनों से प्लेसमेंट और मिशन क्लीन सिटी वर्कर अपनी ज्वलंत मांगों को लेकर निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। अब पूरे दुर्ग शहर में चरमराई हुई सफाई व्यवस्था से जनता परेशान है, लेकिन निगम प्रशासन अब तक मौन है। पूर्व मेयर ने कहा महापौर को सामने आकर समस्या सुननी चाहिए, जनप्रतिनिधि को इस तरह भागने और गैरजिम्मेदार कार्य शोभा नही देता। इस दौरान पूर्व सभापति राजेश यादव, प्रेमलता साहू, संजय कोहिले, बिजेन्द्र पटेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### रोज कर्मी कर रहे घेराव, जिम्मेदारी मौन

पिछले सात दिनों से सफाई कार्य पूरी तरह से ठप हो गया है। मिशन क्लीन सिटी के 582 और प्लेसमेंट के एक हजार से अधिक कर्मियों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। ननि में रोज सफाई कर्मी आंदोलन कर रहे है। कर्मियों का यही सवाल हैं कि, ननि उन्हें हर माह आठ हजार देती रही है, लेकिन अप्रैल से ठेका बताकर उनके खाते से दो-दो हजार कांट लिया जा रहा है। इधर महापौर का बयान जारी हुआ है। जिसमें उनका कहना है कि, कर्मी बैठकर बात नहीं करना चाहते है।

### विधायक से भाजपा पार्षदों ने लगाई गुहार

ऐसी जानकारी मिली हैं कि, भाजपा के दो दर्जन से अधिक पार्षद श्रमिको की समस्या को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव से हस्तक्षेप करने की मांग करने पहुंचे थे। लेकिन इस मसले को विधायक ने जिला भाजपा संगठन के पाले में डाल दिया। जिसके बाद दोपहर तीन घंटे विधायक और महापौर सहित जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की मौजूदगी में बैठक चली। लेकिन बैठक सिर्फ चर्चा तक सिमटकर रह गई।

### चहेतों को अधिकृत किए जाने का आरोप

हांलाकि इस बैठक में पार्षदों ने कई आरोप भी लगाए है। जिसमें महापौर और आयुक्त द्वारा फोन नही उठाने की शिकायत संगठन से की गई। वही चालीस पार्षदों में सिर्फ चार को ही अधिकृत किए जाने तक की बात नाराज पार्षदों ने कह दी। उनका कहना था कि, महापौर सिर्फ कुछ ही पार्षदों से चर्चा करती है। महापौर का निरिक्षण तक की जानकारी उन्हें नही मिल पाती हैं। इस तरह बैठक में मेयर के कार्य को लेकर पार्षदों ने जमकर नाराजगी जताई।

### अनुबंध की शर्त भी सार्वजनिक नहीं

नगर निगम ने पार्षदों की जानकारी के बगैर गुपचुप तरीके से सफाई ठेका दे दिया गया है। इस ठेके का परिणाम यह है कि, पहले ही माह में ठेकेदार वेतन में कैंची चला दी है। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि, आखिर किस अनुबंध के तहत ठेका दिया गया है। कम से कम इसे निगम प्रशासन को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसकी जानकारी सफाई कर्मियों से क्यों छुपाई जा रही है।

### आयुक्त को पूर्व एल्डरमेन ने की हटाने की मांग

नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे ने नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से दुर्ग नगर निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल को दुर्ग नगर निगम के आयुक्त पद से हटाकर की मांग किया है तथा दुर्ग नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी कर हड़ताल को समाप्त करने हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा आयुक्त की अपरिपक्व कार्यशैली की वजह से शहर के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर है। हड़ताल खत्म करने आयुक्त द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया और ना ही समय पर उन्हें वेतन का भुगतान किया गया। जिसका खामियाजा पुरे दुर्ग शहर की जनता को भुगतान पड़ रहा है।

## नहीं मिल रही राहत, करोड़ों की पानी टंकी बनी सिर्फ शो-पीस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले के अंडा अंतर्गत तिरगा (झोला भोथली) में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में से एक जल जीवन मिशन के तहत गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाए जाने के लिए पानी टंकी व नल कनेक्शन का निर्माण किया गया है, लेकिन हकीकत में इस योजना से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यह ग्राम पंचायत तिरगा झोलाभोथली में देखा जा सकता है।

- पाईप लाइन का अधूरा निर्माण टंकी सीपेज की शिकायत

यहां करोड़ों की लागत से पानी टंकी का निर्माण कर तो दिया गया है, लेकिन आम लोगों को पानी अभी तक नसीब नहीं हो सका है। ग्रामवासी का कहना है कि, अगले 3 वर्ष पूर्व पानी टंकी बनाया गया है। लेकिन आज तक इसमें पानी नहीं भरा गया है और ना ही ग्रामीणों को एक भी बून्द पानी मिला है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया हैं कि, आखिर क्या कारण है, जों हमें पानी नहीं मिला रहा है। यहां 3 वर्ष से टंकी बनकर खडा है। वही उपयोग नही होने से यह जर्जर स्थिति में होने लगी है। लेकिन आज तक पानी चालू नहीं किया गया है।

### पूरा सीजन पेयजल के लिए रहे परेशान, तालाब भी सूखा

ग्रामीणों ने बताया कि, गांव के लोग गर्मी में पेयजल के लिए परेशान रहे। गांव में जलस्तर गिरने से तालाब सूख गया, वही बोरवेल्स से भी पानी कम आने लगा हैं। इसके बाद भी करोडो रूपए की लागत से बनाया गया टंकी कोई काम नही आया। जिसे लेकर ग्रामीणों में बेहद नाराजगी सामने आ रही है। ग्रामीणों ने कहा आखिर क्या कारण है कि, प्रधानमंत्री द्वारा करोड़ों कि लागत सें हर घर जल जीवन मिशन चलाया जा रहा है और एक तरफ ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे है।

# सिटी क्लब में तैयार हो रहा स्वीमिंग पूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में अत्याधुनिक स्विमिंग पुल का निर्माण किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से स्वीकृति होने के बाद शुरू हुए निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। मॉर्निंग विजिट में विधायक गजेन्द्र यादव खिलाड़ियों के साथ कोर्ट निर्माण के सभी पहलुओं को जायजा लेते रहते है। इंजिनियर ने बताया कि, बेस कार्य पूरा कर लिया गया है। ड्राइंग डिज़ाइन के मुताबिक गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यह स्विमिंग पुल शहर में खेल प्रेमियों के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। कार्य में संलग्न इंजीनियरों को कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। विधायक ने कहा रविशंकर स्टेडियम के पास इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भी तैयार हो रहा है। जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शीघ्र ही बेस और फिनिशिंग पूरा होते ही लोकार्पण किया जायेगा। आरईएस के एसडीओ सीके सोने ने बताया कि, स्विमिंग पुल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन रोड स्थित सिटी क्लब में लगभग 7900 स्क्वायर फिट में पुल बनने के साथ ही चेंजिंग रूम, कैंटीन और फूलों से सुसज्जित गार्डन से अच्छा वातावरण मिलेगा। स्टेशन रोड गायत्री मंदिर वार्ड 25 में दुर्ग शहर बनने वाला यह पहला अत्याधुनिक स्विमिंग पुल पूरी तरह से इंडोर होगा। जिसमे बारिश व धूल से बचाने पूरा एरिया रौशनी से पारदर्शी शेड रहेगा।

- जल्द ही शहरवासियों को मिलेगी सौगात

### शुभ्रकान्त एथिक्स एंड इंटिग्रिटी राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित

**दुर्ग।** द इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्युअर्स पुणे महाराष्ट्र में आयोजित सेमिनार एवं अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के इंजीनियर शुभ्रकान्त ताम्रकार एथिक्स एंड इंटिग्रिटी अवॉर्ड से सम्मानित हुए। राष्ट्रीय स्तर का यह अवॉर्ड इंस्टीट्यूशन के फाउंडर डॉ अमीन शेख एवं चार्टर्ड वैल्युअर्स सुनील गंजाले द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि पूरे देश में संपति वैल्यूएशन के क्षेत्र में कार्यरत सभी संस्थानों को सरकारी गाईडलाइन के अनुरूप कार्य करने की बाध्यता रहती है। समय-समय पर उनकी कार्यशैली एवं कार्यों की गुणवत्ता के लिए इंस्टीट्यूशन्स द्वारा सेमिनार के माध्यम से दिशा-निर्देश दिया जाता है और कार्यों का मूल्यांकन भी किया जाता है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के 150 वैल्युअर्स आमंत्रित थे जिसमें से चिन्हित 10 लोगों को पुरस्कृत किया गया।

# देश को विकसित भारत बनाने एक राष्ट्र एक चुनाव समय की मांग: शिव रतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




कला मंदिर सिविक सेंटर में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, ग्रामीम विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। शर्मा ने कहा कि बार बार चुनाव देश के विकास में तो बाधक होते ही हैं, साथ ही देश की अर्थ व्यवस्था को भी कमजोर करते हैं।

एक देश एक चुनाव से लगभग 5 लाख करोड़ का व्यय बचाया जा सकता है, जो जीडीपी बढ़ाने में सहायक होगा। विजय बघेल ने कहा कि एक चुनाव लोकतंत्र को मजबूत करेगा, बार बार चुनाव से शासकीय कर्मचारियों के अनुपस्थिति की वजह से शासकीय कार्य मे निरंतरता नही रहती।

कार्यक्रम चेंबर ऑफ कामर्स और एमएसएमई उद्योग केंद्र के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ, सिंधी समाज सहित अन्य सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य रूप से अजय भसीन, प्रमोद सिंह, अरविंदर खुराना, प्रभंजय चतुर्वेदी, उषा बारले, दया सिंह, सीए श्रीचंद लेखवानी, जेपी गुप्ता, नरसिंग कुकरेजा आदि मौजूद थे।

## लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की बैठक में निर्णय

# नालों की सफाई के लिए खरीदेंगे मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई के खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में बुधवार सलाहकार समिति की बैठक हुई। अध्यक्ष लक्ष्मीपति ने खाद्य लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सलाहकार समिति द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत वर्षा ऋतु के पूर्व नालों एवं नालियों की सफाई, मौसमी बीमारियों के रोकथाम व बचाव के संबंध में चर्चा की। निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्डो की साफ-सफाई कार्य हेतु 15वें वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली राशि के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार संसाधन एवं उपकरण जैसे- जेसीबी (बैंक हो-होल्डर), डम्पर, चैन माऊटेन मशीन, ई-रिक्शा, बेलिंग मशीन एस.आर एम सेंटर हेतु, सेक्शन यूनिट मशीन, काम्पेक्टर, कग करने का सर्व सम्मति से संकल्प पारित किया गया।

### सफाई कार्यों का निरीक्षण के निर्देश

निगम क्षेत्रान्तर्गत साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण निगम महापौर एवं अध्यक्ष खादद्य लोक स्वा एवं स्वच्छता समिति द्वारा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किये जाने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में सदस्य ईश्वरी नेताम, एम लक्ष्मी गोपाल, पी. के श्याम सुंदर , सरिता देवी, उमेश कुमार, के जगदीश, स्वच्छता समिति के सदस्य एवं जावेद अली, सचिव खादय लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सचिव व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश पालवे प्रसहायक अधीक्षक उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### अंधियारखोर के समाधान ...

छोटी समस्याओं ,मांग व शिकायत संबंधी निराकरण के लिए आवेदनकर्ता को दप्तरोंके चक्कर नहीं काटने होंगे । स्वयं अधिकारी आवेदनों के संबंध में स्वय शिविर में जानकारी दे रहे है । यानी समाधान शिविर ने बदली प्रशासनिक तस्वीर बदल गयी है । हर ग़रीब का सरकारी योजना का लाभ दिलाना सरकार का काम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय इसे पूरा कर रहे है ।उन्होंने कहा कि हाल ही जिले में ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। आने वाले महीने में और पंचायतों में इनकी स्थापना की जाएगी और जल्द ही सभी पंचायतों में इन सुविधा केन्द्रों की स्थापना होगी। इन केन्द्रों में हितग्राही महतारी वंदन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं की राशि का आहरण कर सकेंगे और आय, जाति प्रमाण पत्र आदि बनवा सकेंगे।

### पीजी कॉलेज मैदान में निशुल्क ...

प्रशिक्षकों का अनवरत निस्वार्थ प्रशिक्षण, उत्कृट मार्गदर्शन, सैन्य सेवाओं का अनुभव एवं अनुशासन की भूमिका रही है। लक्ष्य फाउंडेशन में अभ्यर्थियों को शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण के साथ, उनके खानपान, दैनिक दिनचर्या के बारे में भी विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है जिससे उनकी दक्षता में उत्तरोत्तर उन्नति हो सके। फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को सूबेदार हरीश अवस्थी (सेवानिवृत्त) भारतीय सेना के लंबे अनुभव का विशेष लाभ प्राप्त होता है। संस्थान में भारतीय सेना के सेवारत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक बड़ी संख्या है जो प्रशिक्षण में अपना योगदान देते है। भारतीय प्रादेशिक सेना के सेवारत लेफ्टिनेंट राहुल वर्मा संरक्षक के रूप में अभ्यर्थियों को बेहतर नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन प्रदान कर रहे है। लक्ष्य फाउंडेशन युवाओं से आह्वान करता है कि संस्थान में अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाकर मां भारती की सेवा में शामिल होकर अपने सपनों को साकार करें। प्रशिक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार के सुझाव एवं मार्गदर्शन के लिए प्रशिक्षक पवन वर्मा एवम सूबेदार हरीश अवस्थी सेवानिवृत्त से संपर्क कर सकते हैं।

# नवतपा में बारिश का एहसास, नन्हें खिलाड़ियों से गुलजार हुआ स्टेडियम

## फुटबाल और बास्केट बाल मैच का पचासों बच्चे उठा रहे रोमांचक लुत्फ, पालक भी ले रहे मजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इन दिनों नवतपा के दौर में बैमौसम बदली बारिश से शहर का मौसम खुशनुमा हो गया है। हर साल शाम को नवतपा की गर्म हवा की जगह सर्द माहौल ने खाली खाली दिखने वाले खेल मैदानों और स्टेडियम को भी गुलजार कर दिया है। गर्मी के दिनों में पचासों नन्हे खिलाड़ी बारिश में खेले जाने वाले फुटबाल गेम का लुत्फ उठा रहे हैं।

पिछले दस पंद्रह दिनों से बदली पानी के मौसम से शहरवासियों को गर्मी से राहत मिली है। नवतपा में सामान्यतया शाम को गर्म हवा चलती थी। लेकिन इन दिनों ठंडे मौसम स्टेडियम की भी





रौनक बढ़ा दी है। सेक्टर दो स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बड़ी तदाद में फुटबाल और बास्केट बाल खेलते बच्चे बड़े के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोच और पैरेंट्स बच्चों का उत्साह और खुशी देख खासे खुश हैं। दो भागों में बंटा पूरा स्टेडियम नन्हें खिलाड़ियों से गुलजार है। पचासों नन्हे मुन्ने खिलाड़ी अनुकूल मौसम का पूरा लुत्फ उठाते हुए बकायदा रंगबिरंगी जर्सी पहने हुए दो टीमों में बटकर फुटबाल मैच खेल रहे हैं। सब जूनियर टीम की तरह रोमांचक मैच के अनुभव से बच्चों का हौसला जूनियर और फिर बड़े होकर सीनियर मैच खेलने का है। फ्लड लाइट में मैच की प्रेक्टिश कर रहे नन्हे खिलाड़ियों की पासिंग, किक और सेंटर फारवर्ड डिफेंस सभी कुछ रोमांचक है। नजारा बिल्कुल आईपीएल की झलक की तरह है। बच्चों बताते हैं कि हल्की बारिश और ठंड मौसम का फायदा उठाते हुए फुटबाल मैच का अभ्यास करते हुए बिल्कुल बरसात के अभ्यास का एहसास हो रहा है। स्टेडियम के दूसरे हिस्से में यानी बास्केट स्टेडियम में भी बिल्कुल इसी तरह का नजारा है। यहां भी छोटे छोटे बच्चे फ्लड लाइट में बास्केट बाल गेम का रोमांचक अभ्यास कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### क्रूड स्टील उत्पादन व प्राफिट आफ टैक्स में फिर पिछड़ा सेल

**भिलाई।** स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड सेल वर्ष 2024-25 में फिर क्रूड स्टील उत्पादन और प्राफिट आफ टैक्स में पिछड़ गया है। इसका असर कर्मियों व अधिकारियों की वित्तीय सुविधाओं पर पड़ सकता है। सेल कारपोरेट आफिस ने तुलनात्मक उत्पादन रिपोर्ट जारी कर दी है। इसके अनुसार क्रूड स्टील प्रोडक्शन 2023-24 में 19.24 मिलियन टन और 2024-25 में 19.17 मिलियन टन हुआ। सेल्स वाल्यूम 2023-24 में 17.02 एमटी व 2024-25 में 17.89 एमटी हुआ। रेवेन्यू फ्राम आपरेशन- 1 लाख 5 हजार 375 करोड़ 2023-24 में है। जबकि वर्ष 2024-25 में 1 लाख 2 हजार 478 करोड़ हुआ। अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्स, डेप्रीसिएशन एंड अमांर्टाइजेशन वर्ष 2023-24 में 12 हजार 280 करोड़ और 024-25 में 11 हजार 764 करोड़ रहा। प्राफिट बिफोर एक्सपेक्टेशनल आयटम एंड टैक्स वर्ष 2023-24 में 4 हजार 529 करोड़ और 024-25 में 3 हजार 321 करोड़ रहा। जबकि एक्सपेक्टेशनल आयटम 841 करोड़ 2023-24 में हुआ। वहीं 2024-25 में यह 313 करोड़ हुआ। प्राफिट बिफोर टैक्स वर्ष 023-24 में 3 हजार 688 करोड़ रहा। 024-25 में 3 हजार 9 करोड़ है। सेल का प्राफिट आफ्टर टैक्स 023-24 में 2 हजार 733 करोड़ व 024-25 में 2 हजार 148 करोड़े रहा।

### लोक कलाकार अभन सेन ने किया हरीश साहू का सम्मान


**भिलाई।** लोक कलाकार अभन सेन ने कला के क्षेत्र में हरि मानस परिवार उरला के संचालक लोक गायक केशव साहू, कथा वाचक हरीश साहू, भजन गायिका बिंदिया साहू का सम्मान किया। 80 के दशक में रेडियो का जमाना था, उस समय हर घर में रेडियो देखने व सुनने के लिए मिलता था। उस समय के पुराने कलाकार, अभिनेता, संगीतकार, लेखक व प्रसिद्ध गायक रेडियो और दूरदर्शन कलाकार अभन सेन ने लगभग 45 साल से कला के क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत संस्था लोक रंजनी लोक कला विद्यालय वार्ड 6 मोहभट्ठा बेमेतरा में प्रशिक्षण दे रहे हैं। अभय सेन लोगो को बैंजो, हारमोनियम, तबला, बासुरी, आर्गन, पैड, निशान, दफरा, लोक गायन, नृत्य, अभिनय, व्याख्यान का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसमें सैकड़ों कलाकार इनका लाभ ले रहे हैं। अभन सेन संगीत विश्वविद्यालय से भी सम्मानित हो चुके हैं।

## हरितिमा के साथ प्लांट के अंदर होता है ठंडा-ठंडा कूल-कूल माहौल

# धमन भट्ठियों के ताप के बीच गर्मी के मौसम में भी कम नहीं होता हौसला

### बीएसपी में मेहनतकश कार्मिकों को मिल रही है पर्यावरणीय माहौल और संतुलित खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





भिलाई इस्पात संयंत्र में फौलाद ढालने वाली धमनभट्ठियां के साथ भीषण गर्मी के मौसम उत्पादन करने वाले कर्मचारियों के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं होता। उच्च गुणवत्ता का इस्पात उत्पादन का कार्य केवल मशीनों से नहीं, बल्कि समर्पित मेहनतकश कर्मवीरों और उनको राहत देने वाली व्यवस्थाओं के सहयोग से निरंतर संभव हो पाता है।

- **कर्मियों को मिलते है डेनिम जैकेट, नींबू और संतुलित भोजन**

बीएसपी में कर्मचारी गर्मी में निर्बाध रुप से काम कर सकें इसके लिए कार्यस्थलों पर बनाए गए विश्राम कक्ष, उच्च क्षमता के ब्लोअर, छायायुक्त शेड और जगह–जगह रखे गए ठंडे पानी के मटके कर्मचारियों को राहत प्रदान करते हैं। क्रेन के वातानुकूलित केबिन, एसएमएस–3 में डेनिम जैकेट और ब्लास्ट फर्नेस में फेस शील्ड जैसी व्यवस्थाएं हैं।

कर्मियों केनियमित स्वास्थ्य परीक्षण, कैंटीन में संतुलित भोजन शरीर के तापमान में नियंत्रित करने वाले प्याज मिश्रित सलाद और शीतल पेयजल की उपलब्धता कोक ओवन विभाग में नींबू पानी या भीगे हुए गमछों की सुविधा आदि पारंपरिक उपायों से फौलादियों को उत्पादन कार्य में सुविधा और राहत होती मिलती है। यही वजह है कि कर्मचारी इस तपते मौसम में भी आम दिनों की तरह रिकार्ड उत्पादन करने में सफल हो रहे हैं।

#### पर्यावरण उपायों से उत्पादन में मदद

बीएसपी ने उत्पादन निष्पादन और रहवास के लिए पर्यावरणीय उपायों ने भी संयंत्र की तापनियंत्रण नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संयंत्र परिसर के 30 किलोमीटर क्षेत्र में फैले हरित आच्छादन, चाहे वह विभागों के समीप लगे वृक्ष हों, संपर्क मार्गों पर बनी हरियाली हो या ओएचपी और रोज गार्डन जैसे उद्यान, न केवल सौंदर्यवर्धन करते हैं और तापमान को भी नियंत्रित करते हैं। प्लांट और टाउनशिप में कलर, फव्वारे और छोटे जलस्रोत कार्यस्थलों को ठंडा और सुकूनजदा बनाए रखते हैं।

#### कर्मियों का मनोबल रहता है ऊंचा

भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधन की हौसला देने वाली इस कार्य संस्कृति से विपरीत मौसम और चुनौति के दौरान भी कर्मियों, अधिकारियों का मनोबल सदैव ऊंचा रहता है। कार्यपालक अधिकारी हों, कार्मिक हो, संविदा कर्मचारी या प्रशिक्षु, हर स्तर के कर्मियों में कर्तव्यपरायणता और देशसेवा का भाव समाहित है। यही वजह है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सभी क्षेत्रों में सेल में अगुवा होने की भूमिका निभा रहा है।



## निर्यात कर के मुद्दे पर सीएम से करेंगे चर्चा, निकलेगा सार्थक हलः देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने बुधवार को होटल आशीष में उद्योगों के विकास विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के अलावा निर्यात कर मुद्दा उद्योगपतियों ने जोर-शोर से उठाया। उद्योग मंत्री ने उद्योगपतियों को आश्वस्त किया कि जल्द ही वे इस विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर चर्चा करेंगे। इस कर को समाप्त कराने का प्रयास करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के साथ अन्य उद्योगपतियों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उमेश चितलांग्या, एएन सिंह सहित अन्य उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का जिक्र करते हुए उद्योग मंत्री के सामने यहां की परेशानियां रखीं। सड़क, नाली, पानी एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर उद्योगपतियों ने अपनी अपनी बात रखी और इन समस्याओं के जल्द से जल्द निराकरण की मांग की। दासगुप्ता ने भिलाई नगर निगम द्वारा उद्योगपतियों को भेजे गए निर्यात कर के नोटिस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उद्योगों की स्थिति अच्छी नहीं है, ऐसे में निर्यात कर का बोझ डालकर निगम प्रशासन हमें और परेशान कर रहा है।

- **बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन ने किया उद्योगों के विकास विषय पर कार्यक्रम**

मंत्री ने कहा कि वे कोरबा निगम के महापौर रह चुके हैं। वहां इस तरह का कोई निर्यात कर नहीं है। जहां तक उनकी जानकारी है, प्रदेश में किसी भी निगम द्वारा इस तरह का कर नहीं लगाया गया है। कार्यक्रम में श्याम अग्रवाल, सुरेश चावड़ा, प्रितपाल सिंह, शशि भूषण, चरणजीत सिंह गिल, सचिव वरुण घोष, अशोक जैन, रवि शंकर मिश्रा, अवि सहगल, सुरेश बोपचे, अरनव झाम आदि मौजूद थे।

## स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने तालपुरी वन में योग कर किया गया पौधरोपण

**भिलाई।** वनमण्डल दुर्ग द्वारा योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन नगर वन तालपुरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि आईएफएस डीएफओ दीपेश वन विभाग जिला दुर्ग थे।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षक दामिनी साहू ने प्रतिभागियों को प्राचीन योग आसनों, प्राणायाम, ध्यान और ध्यान केंद्रित करने की विभिन्न तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कमल साहू ने बताया कि "हमारा उद्देश्य योग को जन-जन तक पहुंचाना और इसके माध्यम से मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे योग के लाभों को अनुभव कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित खिलेंद्र कुमार साहू युवा भारत पर्यावरण विभाग प्रांत प्रभारी व छत्तीसगढ़ योग एसोसियेशन राज्यकार्यकारिणी सदस्य ने उपस्थित जनसमुदाय से स्वस्थ्य शरीर के लिए योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने और प्रतिवर्ष कम से कम एक वृक्ष ट्री गार्ड के साथ लगाकर उसकी सेवा कर सामाजिक दायित्व निभाने की बातें कही।

## महीनेभर से बिगड़ा पड़ा बोरिंग निगम ने किया रिपेयर, ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



**हरिभूमि की खबर का असर**

घड़ी चौक सुपेला के हनुमान मंदिर परिसर के पिछले कई दिनों से बिगड़े पड़े बोरिंग में पानी आ जाने से श्रद्धालुओं और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली है। इस हैंडपंप के खराब होने से लोगों के इस गर्मी के मौसम में भारी परेशानी हो रही थी। नगर निगम भिलाई द्वारा सक्रियता से पंप को रिपेयर करने के बाद अब यहां के लोगों को पानी की किल्लत से मदद मिल गई है। गौरतलब हो कि फोरलेन के किनारे कमला मेडिकल के सामने हनुमान मंदिर परिसर में हैंडपंप पिछले करीब महीनेभर से बिगड़ा पड़ा था। इससे गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासियों को निस्तारी पानी के लिए परेशानी हो रही थी। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर कमेटी व सुपेला मार्केट के व्यवसायियों और कर्मियों को भी असुविधा हो रही थी। इस दौरान मंदिर के पुरारी व लोगों द्वारा कई बार नगर निगम कर्मियों से हैंडपंप रिपेयर करने की गुहार के बाद भी ध्यान नही दिया जा रहा था। इस संबंध में हरिभूमि ने महीनेभर से बिगड़ा पड़े हैंडपंप शीर्षक से खबर प्रकाशित कर निगम अधिकारियों का ध्यानाकर्षण किया था। इसके बाद निगम के आयुक्त राजीव पांडे ने तत्काल कर्मियों को भेजकर हैंडपंप को रिपेयर करवाया और इसमें पानी आना भी शुरु हो गया। इससे मंदिर के श्रद्धालुओं व व्यवसायियों को राहत मिली है। हनुमान मंदिर के पुजारी पं. शिव गणेश दुबे ने निगम के आयुक्त के प्रति आभारजताया है।

## क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई का चुनाव 22 को, हुई बैठक

**भिलाई।** क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर का चुनाव 22 जून को किया जाएगा। चुनाव की इसकी घोषणा होने के साथ ही सामाजिक सदस्यों के बीच चुनावी सरगर्मी तेज हो गयी है। 2 वर्षो के बाद हो रहे इस चुनाव में 17 सदस्यीय कार्यकारिणी चुनने के लिए 1565 सदस्य मतदान करेंगे। क्षत्रिय कल्याण सभा की विशेष आम सभा 22 जून को 9.30 बजे महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 भिलाई नगर में आयोजित की गयी है। विशेष आम सभा के बाद कार्यकारिणी चुनाव के लिए मतदान किया जाएगा। जानकारी देते हुए सभा के मंत्री शैलेन्द्र सिंह ने बताया की समान्य सभा में अध्यक्ष के उद्बोधन के बाद सुबह 11 बजे से मतदान सपन्न होगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचि का प्रथम प्रकाशन 4 जून को किया जायेगा। दवा -आपत्ति 6 जून को लिए जायेंगे। मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन 8 जून को किया जायेगा। इस चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह होंगे। साथ ही बद्री प्रसाद सिंह और अजय कुमार सिंह सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए है।

## नन्हें कलाकारों ने दी रविंद्र सुधा की मोहक प्रस्तुति




**भिलाई।** गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित रविंद्र सुधा कार्यक्रम संपन्न हुआ। ही मनमोहक था। रवींद्रनाथ टैगोर के स्वरबद्ध किए गए बच्चों के गीतों को उनके स्वरलिपि के अनुसार ही ही मोहक प्रस्तुति को दशकों ने सराहा। रविन्द्र नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति युवाओं द्वारा की गई। नाटक डाकघर की भी मंचन तीन पीढ़ी के कलाकारों द्वारा किया गया। छः ऋतुओं ग्रीष्म, बरखा,शरद, हेमंत,शीत, बसंत के गीतों का समूह गान किया गया और गायिकाएं छः ऋतुओं के रंगों की साड़ियां पहन कर मंच पर रंग बिखेर रही थी। बच्चों द्वारा का रविंद्र संगीत भी दर्शनीय था । कार्यक्रम का निर्देशन विश्वजीत सरकार व संचयिता राय द्वारा किया गया । नाट्य निर्देशन मोऊ राय नृत्य निर्देशन अमृता सान्याल ने किया। संगीत पक्ष में श्री सांई चक्रवर्ती ( सिंथेसाइजर), रणदीप बैनर्जी ( तबला) थे। कार्यक्रम का संचालन मोऊ राय, सुचिता मुखर्जी और चैती पाल ने किया।

- **गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम**

विशिष्ट अतिथि बीएसपी के सेवानिवृत्त अनिर्बान दासगुप्ता तृपर्णा दासगुप्ता, पूर्व ईडी मानस विश्वास तापस दासगुप्ता, सीजीएम दिव्यांदु लाल मोइत्रा व वरिष्ठ कलाकार शक्तिपद चक्रवर्ती, दीपेंद्र हालदार मुमताज,बबलू विश्वास, मिथुन दास आदि उपस्थित थे।

### मरीज की गंगाजल पीने की इच्छा पूरी करने भिलाई में सफल हुआ रिस्की ऑपरेशन

# 95 साल के बुजुर्ग को आहार नली का था कैंसर, थूक निगलना भी था मुश्किल, ऑपरेशन से मिली नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आहार नली में कैंसर का ऑपरेशन अब भिलाई में भी संभव हो गया है। स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई के डॉक्टरों ने यह कर दिखाया है। 95 वर्षीय सुखनंदन लाल की इस समस्या का ऑपरेशन के जरिए निराकरण किया गया है। मरीज जब अस्पताल में भर्ती हुए थे तो ना भोजन निगल सकते थे और न ही पानी गले के नीचे उतरता था। मुंह का थूक निगलना भी मुश्किल था। सुखनंदन की हालत और उम्र देखकर डॉक्टरों ने उन्हें घर में रहकर परिवार के साथ अच्छे दिन बिताने का सुझाव दिया। सुखनंदन ने डॉक्टरों का सुझाव कुबूल कर लिया, लेकिन उन्हें अपनी इच्छा भी बता दी। सुखनंदन अपने प्राण त्यागने से पहले गंगाजल ग्रहण करना चाहते थे। आहार नली के कैंसर के चलते ऐसा करना मुश्किल था, लेकिन गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अर्पण जैन और उनकी टीम ने इस इच्छा को पूरी कराने की ठान ली। डॉक्टरों की टीम ने काफी रिसर्च के बाद सुखनंदन का ऑपरेशन करने की रणनीति बनाई और आहार नली में जिस जगह पर कैंसर था, वहां 14 सेंटीमीटर का स्टंट डालकर आहार नली के मुंह को चौड़ा कर दिया। भिलाई आने से पहले यह बुजुर्ग अन्य अस्पतालों के डॉक्टरों से परामर्श के लिए पहुंचे थे, लेकिन सभी ने उनकी उम्र और बिगड़ी हुई तबीयत को देखकर मामले में हाथ डालने से इनकार कर दिया।

### ऐनेसथिसिया सबसे बड़ी चुनौती

करीब 20 मिनट चले इस ऑपरेशन की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि 95 साल की उम्र में मरीज को एनेसथिसिया से बेहोश करना बेहद मुश्किल था। इसमें थोड़ी सी भी ऊंचनींच से बुजुर्ग कोमा में चले जाते या उनकी जान भी जा सकती थी। ऐसे में क्रिटिकल केयर यूनिट के विशेषज्ञ डॉ. संजय गोयल ने मोर्चा संभाला और अपने अनुभव से एनेसथिया के लिए प्रक्रिया पूरी की। आखिरकार ऑपरेशन सफल रहा। जिसकी बदौलत सुखनंदन ने न सिर्फ गंगाजल पिया, बल्कि अब वे खाना-पानी भी ग्रहण करने के लायक हो गए हैं। अपने मरीज के इमोशन को तरजीह देते हुए किए गए इस ऑपरेशन के बाद सुखनंदन अपने परिवार के साथ आखिरी का बचा समय खाते-पीते, हस्ते मुस्कुराते बिता रहे हैं।




### युवाओं में भी आहार नली का कैंसर बढ़ा

डॉ. अर्पण का कहना है कि वर्तमान युवा जंक फूड, सिगरेट और शराब का बहुत अधिक सेवन कर रहा है। जिससे आहार नली और आतों के कैंसर की समस्या बढ़ गई है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट के पास आने वाले मामलों में युवाओं का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इस सर्जरी में भले ही मरीज की आयु 95 साल रही हो, लेकिन शुरुआत में ही इसे पहचान लिया जाए तो बीमारी को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। डॉक्टर के मुताबिक, आहार नली से जुड़ी बीमारियों में मरीज को सबसे पहले कुछ भी निगलने में समस्या होने लगती है। खाना खाने के बाद उल्टी होना और पानी या थूंक निगलने में भी दर्द का अहसास होता है। यह सामान्य लक्षण नहीं है। इस तरह की किसी भी समस्या के लिए जल्द से जल्द डॉक्टर को दिखाने की जरूरत होती है। डॉक्टर्स एंडोस्कोपी के माध्यम से समस्या का पता लगा सकते हैं। इससे समय पर इलाज शुरू कर मरीज को कैंसर तक पहुंचने या बढ़ते कैंसर को काबू करने में मदद मिल सकती है।

### डॉक्टरों की सलाह बिना परामर्श गैस की दवा न खाएं

डॉ. अर्पण ने बताया कि हर तीसरा आदमी जंक फूड और अनियमित दिनचर्या की वजह से गैस की समस्या से परेशान है। बाजार में बिकने वाली गैस की दवाइयों के अधिक इस्तेमाल से अब कम उम्र में ही किडनी, लीवर और आंतों से जुड़ी बीमारियों में तेजी आई है। हाल ही की रिसर्च में पाया गया है कि, युवाओं में एसिड रिफलेक्ट होने की समस्या तेजी से बढ़ी है। इस समस्या में खाना खाने के बाद वह वापस मुंह की तरफ लौटने लगता है। इसे लोग आमतौर पर उल्टी कह देते हैं, लेकिन बीमारी कुछ और भी हो सकती है। यह बीमारी जीआरडी का संकेत हो सकता है। शुरू में हल्की उल्टी, मतली के बाद गले और आहार नली में चोकिंग की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है।

## डॉ. खूबचंद बघेल कॉलेज का 10 लाख से होगा रिनोवेशन, विधायक ने अपनी निधि से की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



डॉ. खूबचंद बघेल जनभागीदारी समिति की बैठक आहुत की गई। बैठक में अध्यक्ष शशिकान्त बघेल ने महाविद्यालय की समस्याओं को निराकरण किया। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों को प्राचार्य डॉ. अश्विनी महाजन ने सम्मानित किया। कोर्सेवाड़ा ने अपनी उदारता का परिचय देते हुए विद्यार्थियों के पढ़ाई के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। 10 लाख रुपए की राशि विज्ञान संकाय को प्रयोगशाला के लिए देने की घोषणा की। इसके साथ ही तत्काल 25000 रुपए सहयोग राशि महाविद्यालय को प्रदान की। जनभागीदारी अध्यक्ष ने महाविद्यालय के विकास हेतु हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। प्राचार्य द्वारा अध्यक्ष के समक्ष जिन समस्याओं को रखा गया, उन समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का भरोसा दिलाया गया। बैठक में सदस्य वरुण यादव, तेजस पाल, श्यामसुन्दर जायसवाल, राजेश मौर्या, धिरेन्द्र कुमार प्रसाद, वीरेन्द्र गढ़ेवाल, संजय ठाकुर, गोपाल मेहता, संजू एउलकर, लेख राम साहू आदि उपस्थित थे।

## सौंगात: उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र विकास की दिशा में अग्रसर

# विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में 16 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की दूरदर्शी सोच और जन-कल्याणकारी नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक विकास की रफ्तार ने नया आयाम हासिल किया है। कवर्धा विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में 1 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न किया। यह कार्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़कों का निर्माण, नाली-निकासी व्यवस्था, सामुदायिक भवन व अन्य बुनियादी ढांचे से जुड़े इन कार्यों से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशानुरूप स्थानीय जनप्रतिनिधि लगातार स्वीकृत कार्यों का भूमिपूजन कर रहे हैं। इससे न सिर्फ जनता को भरोसा मिल रहा है, बल्कि विकास कार्यों की पारदर्शिता व तत्परता भी सामने आ रही है। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता यह दर्शाती है कि सरकार का फोकस सिर्फ घोषणाओं पर नहीं, बल्कि धरातल पर काम करने पर है। कवर्धा विधानसभा में हो रहे इन विकास कार्यों से यह स्पष्ट है कि क्षेत्र का भविष्य उज्जवल और सशक्त है।

गांव-गांव तक पहुंच रही योजनाओं और परियोजनाओं से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में कवर्धा अब विकास की मिशाल बनता जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, श्रीमती गंगाबाई लोकचंद साहू, श्रीमती सावित्री विजय पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, अशोक पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत साहू, जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी ध्रुवे, श्रीमती मिथला मिथलेश बंजारे, रूपेश चंद्रवंशी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### विभिन्न ग्रामों में पुलिया निर्माण, सीसी रोड, गौरवपथ का भूमिपूजन



कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बोल्दा में 19 लाख रूपए की लागत से पुलिया-निर्माण कार्य, ग्राम लखनपुर में 15 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य, ग्राम खैरवार में 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम नेवारी में 41 लाख 65 हजार रूपए की लागत से गौरवपथ निर्माण कार्य, 20 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य, सारंगपुर में 41 लाख 65 हजार रूपए की लागत से गौरवपथ निर्माण, बांधाटोला में 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण रोड, जुनवानी में 1 लाख 63 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, जैतपुरी में 9 लाख रूपए की लागत से नाली निर्माण, 02 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्कूल रिपेयरिंग कार्य, 1 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बोर खनन, नवघटा में 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, कुटकीपारा में 2 लाख 60 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण, 4 लाख रूपए की लागत से रंगमंच, 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से चौक सौन्दर्यीकरण और 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्यो का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया।

### क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य जन-आकांक्षाओं के अनुरूपः ईश्वरी साहू

जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने कहा कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य जन-आकांक्षाओं के अनुरूप हैं और इससे नागरिकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिस तरह से गांव-गांव तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि साय सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रह जाए। ग्राम स्तर पर अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए जो कार्य स्वीकृत हुए हैं, उनका भूमिपूजन कर अब उन्हें शीघ्रता से पूर्ण भी किया जाएगा। इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे। जन-सुनवाई और फीडबैक के माध्यम से जनता की बातों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में कबीरधाम जिला राज्य के सबसे अग्रणी जिलों में शामिल होगा।

## सतनामी समाज ने संत समागम समारोह का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/बेरला

बेरला ब्लॉक के नगर पंचायत कुसमी में सतनामी समाज विकास समिति ने संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पारंपरिक भजन, विचार गोष्ठी और दीप प्रज्वलन से वातावरण आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक समागम रहा।

■ कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी

उक्त समारोह में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग/"सत्य बोलव, दूसर ला पीरा नो देहव, समानता अउ भाईचारा में जियव/"को समाज के बीच प्रसारित करना और नई पीढ़ी को उनके विचारों से जोड़ना था। इस दौरान योगेश तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गुरु घासीदास बाबा सिर्फ एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के पुरोधा थे। उन्होंने जात-पात, भेदभाव और अन्याय के खिलाफ 'सत्य' और 'अहिंसा' का जो दीप जलाया, वो आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं। ऐसे संत समागमों से हमें उनके विचारों को फिर से आत्मसात करने का अवसर मिलता है।/"कार्यक्रम में नगर पंचायत कुसमी अध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू नगर पंचायत उपाध्यक्ष राधेश्याम देवांगन, समीर साहू,जगमोहन, श्रवण साहू ,रामशिला साहू ,राजकुमारी साहू, ताराचंद सेवक समिति अध्यक्ष, बलराम दिवाकर समिति उपाध्यक्ष, विनोद भारती,प्रकाश देसलहरे, अनिल सोनवानी, चंद्रकुमार बारले, हरिश्चंद्र मारकंडे, जगमोहन टंडन, प्रवीण गायकवाड़, सत्यचंद्र कोसले, सुशील सोनवानी,सुरेश कुरे, नितेश ,हेमंत ,धनेश्वर सहित, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## रबी फसल धान को समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाए : दिनेश पाण्डेय

**कोलेगांव।** इस आधुनिक युग में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में गर्मी धान फसल का उत्पादन बढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं दिनों-दिन ग्रामीण किसानों में गर्मी धान फसल के प्रति रुझान बढ़ती जा रही है साथ ही साथ ग्रामीण किसानों द्वारा अच्छी-खासी गर्मी धान फसल का उत्पादन भी किया जा रहा है। लेकिन आज किसानों को उनकी फसल की समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण ग्रामीण किसान अपनी मेहनत की उपज औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर है। जिस पर ग्रामीण दिनेश पाण्डेय ने बताया कि शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा गर्मी धान फसल को भी समर्थन मूल्य में खरीदी करने की अपील की गई। ताकि ग्रामीण किसानों की मेहनत उनकी फसल की उचित दाम मिल सकें।

### खबर संक्षेप

#### सीनियर सिटीजन समिति की पेंशनर प्रकोष्ठ का गठन

**कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा विगत 15 वर्षो से जिले में अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। वर्तमान समय में समिति गिव सदस्यों की संख्या 200 के लगभग है, जिसमें 90 प्रतिशत सदस्य शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति है। समिति के ध्यान में यह बात आई है कि जिले के बहुत से सेवा निवृत्ति व्यक्तियों के पेंशन प्रकरण बनाने में अत्यधिक विलंब होता है, इसके लिए सेवानिवृत व्यक्ति को कार्यालय के काफी चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए समिति ने पूरे कवर्धा जिले में अपनी सेवा देने के लिए एक पेंशनर प्रकोष्ठ का गठन किया है। जिसमें जिला संयोजक इंजीनियर एसएस जैन, रवि शंकर गुप्ता, प्रकाश कुमार गुप्ता, तरुण शेखर अवस्थी, रोशन लाल पाटिल, श्याम सुंदर मिश्रा, जगदीश प्रसाद जायसवाल, कन्हैया लाल चौधरी, नरेंद्र कुमार शर्मा, मुरली सिंह ठाकुर व जीवधर प्रसाद भारतीय है।

#### मोहगांव उपकेन्द्र में नए 3.15 एमव्हीए का पॉवर ट्रांसफार्मर को किया गया ऊर्जीकृत

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ग्राम मोहगांव में विद्यमान 33.11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस अवसर राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट एवं अधीक्षण अभियंता कवर्धा वत्त रंजीत घोष ने इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर कार्यपालन अभियंता परियोजना केएल उइके, कार्यपालन अभियंता एसटीएस एमके आर्या, सहायक अभियंता मनीष साहू, रविन्द्र सिंह, उत्तर कुमार धृतलहरे और उनकी टीम की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत विद्यमान उप केन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। विद्युत विकास के इस कार्य से मोहगांव उपकेन्द्र की पॉवर क्षमता 05 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एव्हीए हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के अथक प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से मोहगांव उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

## सुशासन तिहार आम जनता के विश्वास की जीत है : मधु रॉय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार अभियान को लेकर जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में बदलाव की नई बयार लेकर आया है। उन्होंने इसे आम जनता के विश्वास की जीत और प्रशासनिक सोच में सकारात्मक परिवर्तन बताया।

मधु रॉय ने कहा कि पहली बार ऐसा हो रहा है जब मुख्यमंत्री खुद गांवों तक पहुंचकर आम लोगों की बात सुन रहे हैं। यह पहल दिखावटी नहीं, बल्कि जमीन से जुड़ी हुई है। इससे लोगों में यह भरोसा बना है कि सरकार अब सिर्फ दफ्तरों में नहीं, बल्कि उनके द्वार पर खड़ी है। उन्होंने बेमेतरा जिले में मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण की सराहना करते हुए कहा कि गांवों के लोगों ने जब मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच पाया, तो यह उनके लिए एक अविश्वसनीय अनुभव था। मधु रॉय ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह से ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए, वह प्रशासन के प्रति जनता के विश्वास को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार न सिर्फ योजनाओं की समीक्षा का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह एक सामाजिक संवाद का मंच भी है, जिससे जनता और शासन के बीच की दूरी कम हो रही है। भाजपा शासनकाल में यह पहली बार है जब इतने व्यापक स्तर पर जनसंवाद को प्राथमिकता दी जा रही है। मधु रॉय ने विश्वास जताया कि इस अभियान से छत्तीसगढ़ में सुशासन की नई परिभाषा गढ़ी जाएगी और बाकी राज्यों के लिए भी यह एक उदाहरण बनेगा।

## भारत माता चौक में एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में भारत माता चौक में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन किया गया। इवेंट में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की लोक-हितकारी योजनाओं की जानकारी को जन-जन तक पहुंचाना और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को साझा करना था। कार्यक्रम रोचकता, उत्साह, उल्लास एवं खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का वातावरण छत्तीसगढ़ी संस्कृति की खुशबू से सराबोर था। विभिन्न रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। जिसमें लोकगीत, नृत्य और संगीत के माध्यम से कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, रामलला दर्शन योजना और महतारी वंदन योजना सहित अनेक योजनाओं के लाभार्थियों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। किसी ने अपने सपनों का घर मिलने की खुशी जाहिर की तो किसी ने अपने बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए मिली सहायता का जिक्र किया। सभी ने एक स्वर में शासन-प्रशासन को आभार व्यक्त किया और कहा कि सुशासन तिहार जैसी पहल से आम नागरिकों को अपनी बात कहने और शासन की योजनाओं की जानकारी पाने का अवसर मिलता है। वहीं आरजे अनिमेष ने अपनी रोचक शैली से सबका ध्यान खींचा। उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कवर्धा जिले की विशेषताएं और सुशासन तिहार से जुड़े सवालों के माध्यम से श्रोताओं की जानकारी बढ़ाई।

## भाजपा ने अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

ग्रामीण भाजपा मंडल ने माता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती ग्राम मुड़पार में मनाया। इस दौरान एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसमें विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा मुख्यवक्ता थे। संगोष्ठी में राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि माता अहिल्याबाई नारी शक्ति और सामाजिक समरसता की प्रतीक थीं। उन्होंने धर्म, संस्कृति और जनसेवा को नया स्वरूप देते हुए अनेक मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। देश के ज्योतिलिंग का जीर्णोद्धार एवं पुनः निर्माण जिसमें काशी विश्वनाथ मंदिर प्रत्यक्ष प्रमाण है। विधायक दीपेश साहू ने कहा उनका जीवन लोककल्याण और न्यायप्रिय शासन का अद्वितीय उदाहरण है। उनके कार्य सदैव समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। हमें उनके आदर्शों से सीख लेकर जनसेवा के पथ पर अग्रसर होना चाहिए। ऐसी महान विभूति को मैं सादर नमन करता हूं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गजानंद साहू, भीम वर्मा, मोहन वर्मा ,भागीरथी साहू, डेरहा देवांगन ,गेंदराम वर्मा ,रामकुमार निषाद सरपंच कुसमी, तेजस्वर वर्मा बैजी सहित जनप्रतिनिधिगण, पार्टी के पदाधिकारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कवर्धा पुलिस का विशेष अभियान, बैठक आयोजित कर समझाईस दी गई



**हरिभूमि कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधिक गतिविधियों में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल एवं एसडीओपी लोहारा प्रतीक चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना लोहारा पुलिस द्वारा ग्राम भिभौरी सहित आसपास के ग्रामों में देह व्यापार और अवैध शराब बिक्री जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। जिसमे ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्धेनजर गत दिनों मंगलवार को ग्राम भिभौरी में एक जन-चेतना बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें ग्रामवासियों ने ग्राम में सक्रिय असामाजिक गतिविधियों के प्रति चिंता व्यक्त की। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया कि इस दिशा में शीघ्र ठोस कार्यवाही की जाएगी। मामले में अग्रिम और ठोस कार्यवाही करते हुए बुधवार को थाना प्रभारी लोहारा निरीक्षक लालमन साव एवं थाना की टीम तथा डीआरजी टीम द्वारा ग्राम भिभौरी, लाखाटोला, बिडोरा एवं सिंघनगढ़ में सघन कॉम्बिंग पेट्रोलिंग एवं रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही की शुरुआत ग्राम भिभौरी के उन चिन्हित इलाकों से हुई जहां पूर्व में देह व्यापार एवं अवैध शराब बिक्री की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। पुलिस टीम ने ग्रामीण वर्दी में गुप्त निगरानी करते हुए संबंधित मकानों व स्थानों पर दबिश दी तथा मौके पर मौजूद व्यक्तियों की पहचान एवं गतिविधियों की गहन जांच की। जहां ग्राम लाखाटोला, बिडोरा व सिंघनगढ़ में भी समान रूप से विशेष गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्यवाही के दौरान संदिग्ध बाहरी व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी उपस्थिति की वैधता जांची गई तथा कुछ मामलों में सख्त चेतावनी भी दी गई। जिस पर लोहारा पुलिस द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि ग्राम में पुनः देह व्यापार या अवैध शराब बिक्री जैसी सामाजिक बुराइयों की शिकायत प्राप्त होती है और उसमें किसी की संलिप्तता पाई जाती है, तो

## ग्रापं रूसे व कारीमाटी में किया गया बोर खनन



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत रूसे एवं कारीमाटी में जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी द्वारा क्षेत्र में पेयजल की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र 15वें वित्त मद के माध्यम से विकास कार्य व जनहित कार्य के तहत ग्राम पंचायत रूसे में मां महामाया मंदिर परिषर में बोर खनन किया गया। वहीं ग्राम कारीमाटी में गंगाराम घर के पास बोर खनन किया गया। वहीं क्षेत्र में बोर खनन होने पर निवासरत ग्रामवासियों में भारी खुशी का माहौल बना हुआ है। वहीं बोर खनन होने से ग्रामवासियों को पेयजल की समस्या से राहत व तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगी। जिस पर रहवासियों ने जनपद सदस्य श्रीमती उर्वशी माखन चंद्रवंशी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### गुड़ फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को खुले में छोड़ा, उठने लगी बदबू

# गुड़ फैक्ट्री संचालक ठेकेदार की लापरवाही, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया क्षेत्र में सैकड़ों निजी गुड़ फैक्ट्री संचालित कर जिम्मेदार ठेकेदार भारी मोटी रकम की कमाई की गई। लेकिन गुड़ फैक्ट्री संचालक ठेकेदार की भारी लापरवाही व अनदेखी का खामियाजा क्षेत्र के रहवासी व ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निजी गुड़ फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को खुले गड्ढे में छोड़ दिए गए है। जिससे गंदगी से उठने वाली दुर्गंधव बदबू से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि निजी गुड़ फैक्ट्री जिम्मेदार ठेकेदार निजी गुड़ फैक्ट्री से निकाले वाली गंदगी को खुले गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। वहीं गंदगी से उठने वाली सड़ने की दुर्गंध से रहवासी तथा आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा गंदगी की उचित निपटारे की अपील की गई। जिससे गंदगी से उठने वाली बदबू से निजात मिल सके।

### अप्रिय घटना को दे रहा न्योता

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार निजी गुड़ फैक्ट्री संचालकों की इस घोर लापरवाही से पशु-पक्षी व वन्य जीव-जंतुओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। निजी गुड़ फैक्ट्री ठेकेदार द्वारा दो महीने काम-काज के बाद गुड़ फैक्ट्री को सुरक्षित बंद कर दिया जाता है, लेकिन गुड़ फैक्ट्री संचालक ठेकेदार फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को असुरक्षित खुले में छोड़ दिया गया है जो कि अप्रिय घटना को निमत्रंण दे रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून ,14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411